# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

शिक्षा भवन, दिग्घीकला, हाजीपुर
मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102
E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com

प्रेषक, पत्रांक ....1768........

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

सेवा में,

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,
पातेपुर, वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक 13/08/2026

विषयः- **श्री राम प्रकाश विद्यालय अध्यापक यू एम एस हबीबपुर पातेपुर के परिवाद के आलोक में जांच कर 2 दिनों के अंदर निष्पादन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि श्री राम प्रकाश विद्यालय अध्यापक वर्ग 6 से 8 यू एम एस हबीबपुर प्रखंड पातेपुर द्वारा एक परिवाद पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित किया गया है।

प्राप्त शिकायत में आवेदक द्वारा विद्यालय प्रभार हस्तांतरण वरीयता की अनदेखी कर शिक्षक श्री पुरुषोत्तम कुमार एवं श्री लक्षणदेव राय द्वारा मनमाने ढंग से कार्य करने तथा प्रभार अवधि में अपने पास से किए गए व्यय मुख्य रूप से चुनाव कार्य हेतु दो रैंपों का निर्माण की राशि के भुगतान की मांग की गई है।

अतः प्राप्त शिकायत की प्रति को संलग्न करते हुए आपको निर्देश दिया जाता है कि 2 दिनों के अंदर श्री राम प्रकाश के द्वारा अंकित बिंदुओं पर जांच करते हुए निष्पादन प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

13.8.25

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

13/8/26

सेवा में,

श्रीमान् जिला शिक्षा पदाधिकारी
जिला - वैशाली (बिहार)

विषय: समस्या से अवगत कराने के संबंध में।

महाशय,

संविनय निवेदनपूर्वक कहना है कि मैं प्रार्थी राम प्रकाश (TRE 2) UMS हबीबपुर यू डायस: 10180805301, प्रखण्ड - पातेपुर, जिला - वैशाली में विद्यालय अध्यापक (6-8) के पद पर कार्यरत हूँ।

यह कि हमारे विद्यालय के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री मुकुल कुमार का BPSC द्वारा आयोजित HT परीक्षा मे चयन होने पर प्रखण्ड कार्यालय के सुझावोपरांत मुझे वर्ग 6-8 का होने के नाते विद्यालय प्रभार सौपा गया। (मेरे द्वारा परिवीक्षा अवधि की बात कहे जाने पर सुझाव दिया गया कि विशिष्ट शिक्षक भी परिवीक्षा अवधि में ही है अत: मुझे प्रभार लेना होगा। मेरे प्रभार ग्रहण करने पर किसी भी शिक्षक सहकर्मी द्वारा कोई विरोध नही किया गया और मेरे द्वारा प्रभार ग्रहण कर लिया गया।)

मेरे प्रभार अवधि में शिक्षक सहकर्मी श्री पुरुषोत्तम कुमार द्वारा SIR कार्य के कारण वे तीन माह तक विद्यालय कार्य से वंचित रहे। S.I.R. कार्य समाप्ति के उपरांत प्रखण्ड कार्यालय से पत्र जारी किया जाता है कि SIR कार्य में लगे सभी शिक्षक अपने मूल विद्यालय में योगदान करना सुनिश्चित करेंगे। अत: श्री पुरुषोत्तम कुमार द्वारा विद्यालय में योगदान कर, हाजिरी बना कर भागने की प्रवृत्ति बनी रही। एक दिन इसका विरोध करने पर श्री पुरुषोत्तम कुमार द्वारा BEO पातेपुर से मिलकर मनमाने आचरण का प्रयोग करते हुए मुझे विद्यालय प्रभार से मुक्त करने का पत्र जारी किया जाता हैं जबकि ठीक एक दिन पहले जिला कार्यालय के ज्ञापांक 1161/निम्न, दिनांक 14.10.2025 को वरीयता निर्धारण हेतु गठित कमिटी के रिपोर्ट आने तक प्रभार हस्तांतरण पर रोक लगाई गई थी।

13-8

ज्ञात हो कि श्री पुरुषोत्तम कुमार को उनके अच्छे आचरण के कारण इसके पूर्व के लगभग 4 से 5 विद्यालयों द्वारा इन्हे निष्काषित कर दिया गया हैं।

साथ ही विद्यालय के GOB मद से राशि का निकास श्री लक्षणदेव राय (विद्यालय से घर की दूरी 500 मी०) के साथ संयुक्त हस्ताक्षर से किया जाता है जबकि वरीयता कमिटी के रिपोर्ट के अनुसार श्री पुरुषोत्तम कुमार एवं लक्षणदेव राय से भी वरीय शिक्षक (मेरे अलावा) विद्यालय में कार्यरत हैं। इसकी सूचना मेरे द्वारा e-shikshakosh पर Grievance No: 2602156752 पर दर्ज की गई हैं एवं आवेदन की Hard Copy जिला कार्यालय को भी सौपा गया हैं।

अत: श्रीमान् से निवेदन है कि मेरे प्रभार अवधि में मेरे अपने पास से हुए व्यय राशि को दिलाने की कृपा की जायें जिसमें मुख्य रूप से चुनाव कार्य हेतु दो रैम्पों का नव निर्माण आदि शामिल है। इसके लिए मैं श्रीमान् का सदा आभारी रहूँगा।

आपका विश्वासी
राम प्रकाश (TRE 2)
विद्यालय अध्यापक (6-8)
UMS हबीबपुर पातेपुर वैशाली
Mob: - 8299254571
दिनांक:- 16.05.2026.

संलग्नक:-
* जिला कार्यालय को पूर्व में सौपे गये आवेदन की रिसिविंग।